# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 17.11.2017**

**DAINIK BHASKAR**

हिदायत | समकालीन भारत में मीडिया की भूमिका पर सेमिनार आयोजित, विद्यार्थियों को नई चुनौतियों के लिए बनना होगा सक्षम

# जो सूचनाएं राष्ट्रहित में नहीं उन्हें गुप्त रखने में मीडिया अपनी भूमिका निभाए : मिश्रा

## संचार माध्यमों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु को किया याद

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

वैज्ञानिक गंगाशंकर मिश्र ने कहा कि मीडिया समाज में परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम है। आज समय के साथ मीडिया के स्वभाव में भी बदलाव आया है। उन्होंने आपातकाल में मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए समकालीन मीडिया का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मीडिया को संवेदनशील के साथ-साथ राष्ट्रहित में कार्य करने की आवश्यकता है। ऐसी सूचनाएं जो राष्ट्रहित में नहीं हैं उन्हें गोपनीय रखने में मीडिया को अपनी जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी। मिश्र गुरुवार को वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित 'समकालीन भारत में मीडिया की भूमिका' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। इस मौके पर समाज में मीडिया की भूमिका को लेकर नाटक प्रस्तुति तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में प्रसिद्ध वैज्ञानिक तथा रेडियो संचार के जनक जगदीश चंद्र बसु को श्रद्धांजलि दी गई। मीडिया माध्यमों के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु के योगदान को स्मरण करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि वायरलेस मीडिया माध्यमों का जो स्वरूप देखने को मिल रहा है, उसका श्रेय जगदीश चंद्र बसु को जाता है, जिन्होंने रेडियो को संचार का माध्यम बनाया।

कुलपति ने कहा कि लोकतंत्र के चौथा स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका काफी अहम है। यह जनजागरण तथा सामाजिक आंदोलन के रूप में अपनी जिम्मेदार भूमिका निभाता है। इसलिए किसी भी देश की उन्नति व प्रगति में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान है। कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा तथा मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अधिष्ठाता प्रो. राज कुमार भी इस मौके पर मौजूद थे।



फरीदाबाद. राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में मीडिया विद्यार्थी नाटक का मंचन करते हुए।

**NEWS CLIPPING: 17.11.2017**

**DAINIK JAGRAN**



वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में प्रेस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान नाटक प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थी • जागरण

# समाज में परिवर्तन का सशक्त माध्यम मीडिया

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : वाईएमसीए विश्वविद्यालय की ओर राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर समकालीन भारत में मीडिया की भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में समाज में मीडिया भूमिका को लेकर नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। समारोह में वैज्ञानिक गंगाशंकर मिश्रा मुख्य वक्ता रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। कुल सचिव डॉ.संजय कुमार शर्मा व मानविकी एवं विज्ञान विभाग के डीन प्रो.राज कुमार भी उपस्थित थे। समारोह में प्रसिद्ध वैज्ञानिक तथा रेडिया संचार के जनक जगदीश चंद्र बसु को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य वक्ता गंगाशंकर मिश्रा ने कहा कि मीडिया समाज में परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम है और समाज का दिशा प्रदान करता है। समय के साथ मीडिया के स्वभाव में बदलाव आया है। उन्होंने आपातकाल में मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए समकालीन मीडिया का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया। मीडिया को संवेदनशील के साथ राष्ट्रहित में कार्य करने की आवश्यकता है और ऐसी सूचनाएं जो राष्ट्रहित में नहीं है, उन्हें गोपनीय रखना में भी मीडिया को अपनी जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी। मीडिया माध्यमों के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु के योगदान को स्मरण करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि वायरलेस मीडिया माध्यमों का जो स्वरूप देखने को मिल रहा है, उसका श्रेष्ठ जगदीश चंद्र बसु को जाता है, जिन्होंने रेडिया को संचार का माध्यम बनाया।

**NEWS CLIPPING: 17.11.2017**

**HINDUSTAN**

# मीडिया है समाज परिवर्तन का माध्यम : गंगाशंकर

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य पर समकालीन भारत में मीडिया की भूमिका विषय पर सेमिनार हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मीडिया की भूमिका पर नाटक प्रस्तुति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे वैज्ञानिक गंगाशंकर मिश्रा ने कहा कि मीडिया समाज में परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम है और समाज का दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि समय के साथ मीडिया के स्वभाव में बदलाव आया है। संस्थान के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा, प्रो. राज कुमार आदि भी मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 17.11.2017**

**AMAR UJALA**

# मीडिया को राष्ट्रहित के प्रति संवेदनशील होने की जरुरत: मिश्र

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में समकालीन भारत में मीडिया की भूमिका' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज में मीडिया की भूमिका को लेकर नाटक प्रस्तुति तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

समारोह में वैज्ञानिक गंगाशंकर मिश्रा मुख्य वक्ता रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। कार्यक्रम में कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा तथा मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अधिष्ठाता प्रो. राज कुमार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रसिद्ध वैज्ञानिक तथा रेडिया संचार के जनक जगदीश चंद्र बसु को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य वक्तव्य में गंगाशंर ने कहा कि मीडिया समाज में परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम है और समाज का दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि समय के साथ मीडिया के स्वभाव में बदलाव आया है। उन्होंने आपातकाल में मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए समकालीन मीडिया का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मीडिया को संवेदनशीलता के साथ राष्ट्रहित में कार्य करने की आवश्यकता है और ऐसी सूचनाएं जो राष्ट्रहित में नहीं है, उन्हें गोपनीय रखना में भी मीडिया को अपनी जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी।

कुलपति ने कहा कि लोकतंत्र के चौथा स्तम्भ के रूप में मीडिया की भूमिका काफी अहम है। यह जन-जागरण तथा सामाजिक आंदोलन के रूप में अपनी जिम्मेदार भूमिका निभाता है। इसलिए, किसी भी देश की उन्नति व प्रगति में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान होता है। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 17.11.2017**

**PUNJAB KESARI**

# मीडिया राष्ट्रहित में करे काम : गंगाशंकर

फरीदाबाद, 16 नवम्बर (पंकेस): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की भूमिका के लिए समर्पित राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में 'समकालीन भारत में मीडिया की भूमिका' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया।

मीडिया की भूमिका को लेकर नाटक प्रस्तुति तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। समारोह में वैज्ञानिक गंगाशंकर मिश्रा मुख्य वक्ता रहे। अध्यक्षता कुलपति दिनेश कुमार ने की। कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा तथा मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अधिष्ठाता राजकुमार भी उपस्थित थे। वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु को श्रद्धांजलि दी गई। गंगाशंकर ने कहा कि मीडिया समाज में परिवर्तन का सशक्त माध्यम है व समाज को दिशा देता है। समय के साथ मीडिया का स्वभाव बदला है। आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा कि मीडिया को संवेदनशील व राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। सूचनाएं जो राष्ट्रहित में नहीं है, उन्हें गोपनीय रखना भी मीडिया की जिम्मेदारी है।

वैज्ञानिक जगदीशचंद्र बसु को स्मरण करते हुए कुलपति ने कहा कि वायरलेस माध्यमों का जो स्वरूप दिख रहा है, उसका श्रेय जगदीशचंद्र बसु को जाता है, जिन्होंने रेडियो को संचार का माध्यम बनाया।

लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में मीडिया की भूमिका अहम है। जन-जागरण व सामाजिक आंदोलन में जिम्मेदार भूमिका निभाता है। वेब जर्नलिज्म और सोशल मीडिया ने पत्रकारिता के लिए कई और चुनौतियां पैदा कर दी है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए मीडिया के छात्र नई तकनीकों से खुद को जोड़ें और पत्रकारिता के उच्च मूल्य स्थापित करने में योगदान दें।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Fri, 17 November 2017
epaper.punjabkesari.in//c/23782114

**NEWS CLIPPING: 17.11.2017**

**PUNJAB KESARI**

# मीडिया राष्ट्रहित में करे काम : गंगाशंकर

फरीदाबाद, 16 नवम्बर (पंकेस): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की भूमिका के लिए समर्पित राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में 'समकालीन भारत में मीडिया की भूमिका' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया।

मीडिया की भूमिका को लेकर नाटक प्रस्तुति तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। समारोह में वैज्ञानिक गंगाशंकर मिश्रा मुख्य वक्ता रहे। अध्यक्षता कुलपति दिनेश कुमार ने की। कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा तथा मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अधिष्ठाता राजकुमार भी उपस्थित थे। वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु को श्रद्धांजलि दी गई। गंगाशंकर ने कहा कि मीडिया समाज में परिवर्तन का सशक्त माध्यम है व समाज को दिशा देता है। समय के साथ मीडिया का स्वभाव बदला है। आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा कि मीडिया को संवेदनशील व राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। सूचनाएं जो राष्ट्रहित में नहीं है, उन्हें गोपनीय रखना भी मीडिया की जिम्मेदारी है।

वैज्ञानिक जगदीशचंद्र बसु को स्मरण करते हुए कुलपति ने कहा कि वायरलेस माध्यमों का जो स्वरूप दिख रहा है, उसका श्रेय जगदीशचंद्र बसु को जाता है, जिन्होंने रेडियो को संचार का माध्यम बनाया।

लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में मीडिया की भूमिका अहम है। जन-जागरण व सामाजिक आंदोलन में जिम्मेदार भूमिका निभाता है। वेब जर्नलिज्म और सोशल मीडिया ने पत्रकारिता के लिए कई और चुनौतियां पैदा कर दी है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए मीडिया के छात्र नई तकनीकों से खुद को जोड़ें और पत्रकारिता के उच्च मूल्य स्थापित करने में योगदान दें।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 17 November 2017
epaper.punjabkesari.in//c/23782114